# मझगवां में फिर मिला अति कुपोषित बालक

## दो वर्ष की आयु लेकिन वजन महज 5 .6 किलो, एनआरसी में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 सितंबर. जिले का मझगवां क्षेत्र पिछले कई वर्षों से कुपोषण का दंश झेलने के लिए मजबूर है. यहां न सिर्फ समय-समय पर कुपोषित बच्चे सामने आते रहते हैं बल्कि उनमें से कई काल के गाल में भी समा चुके हैं. हर नई घटना के बाद प्रशासन कुछ समय के लिए जागता है. मैदानी स्तर पर गहन निगरानी और निरंतरता बनाए रखने का दावा भी किया जाता है. लेकिन होता यही है कि कुछ समय के बाद ही गंभीर कुपोषण का एक नया मामला सामने आ जाता है.**

जिले के मझगवां विकासखण्ड के कानपुर गांव का निवासी तकरीबन 2 वर्ष का बालक पिछले कुछ दिनों से उल्टी-दस्त की बीमारी से पीड़ित था. इसकी जानकारी जब वहां की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को मिली तो वे उसे देखने के लिए पहुंच गईं. बालक की हालत को देखते हुए फौरन अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई. जिसके चलते दादी उसे लेकर 3 सितंबर को मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची. जहां पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रुपेश सोनी ने जब बालक की हालत देखी तो उसे फौरन ही पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करते हुए उपचार शुरु किया. बालक का वजह मात्र 5.6 किलो निकला और उसकी हालत अति गंभीर कुपोषण की श्रेणी की पाई गई. बीएमओ डॉ. सोनी के अनुसार हलांकि बालक अति गंभीर कुपोषित है, लेकिन इसके बावजूद भी जारी उपचार के चलते उसकी स्थिति सुधर रही है. यदि रिकवरी रेट ऐसा ही रहा तो कुछ दिनों बाद ही बालक स्वास्थ्य हो जाएगा.



### वजन 240 ग्राम बढ़ा

जब बालक को सीएचसी में लाया गया था तो उसका वजन मात्र 5 .6 किलो था. जबकि 2 साल के बच्चे का सामान्य औसत वजन 11-14 किलो के बीच होना चाहिए. लेकिन 3 दिन के उपचार के चलते ही उसके वजन में 240 ग्राम की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है. जिससे उत्साहित स्वास्थ्य अमला बच्चे के शीघ्र स्वस्थ्य हो जाने का दावा करने लगा है. लेकिन सवाल घूम-फिर कर फिर वहीं पहुंच जाता है कि स्वस्थ्य होने के बाद बच्चों का फॉलोअप, निगरानी और पुनर्वास की व्यवस्था कितने प्रभावी ढंग से कार्य करेगी.

### पारिवारिक स्थिति भी दयनीय

बीमएमओ मझगवां डॉ. सोनी ने बताया कि उक्त बालक इससे पहले अप्रैल महीने में भी सीएचसी में लाया गया था. 14 दिन तक पोषण पुनर्वास केंद्र में रखते हुए उपचार के बाद वह स्वस्थ्य होकर वापस घर लौट गया था. लेकिन बालक की देखभाल तब बुरी तरह प्रभावित होने लगी जब तकरीबन 25 दिन पहले उसकी मां उसे छोड़कर कहीं चली गई. जिसके बाद से दादी ही जैसे-तैसे बालक की देखरेख कर रही है. गौरतलब है कि 5 महीने पहले जब उक्त बालक को कुपोषित पाया गया था, उसी दौरान सुरांगी क्षेत्र में गंभीर कुपोषित 2 जुड़वां बच्चों में से एक बालिका की मौत हो गई थी.

# यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित पांच पर प्रकरण दर्ज

## डिप्टी सीएम के आवास में घुसकर किया था विरोध

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 सितम्बर, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के अमहिया स्थित निवास में जबरन घुस कर नारेबाजी और अभद्रता करने के मामले में अमहिया थाना पुलिस ने यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित पांच के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है. इसके अलावा अन्य को भी आरोपी बनाया गया है.**

जिले की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था और गांधी मेमोरियल अस्पताल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत के बाद कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लगातार चल रहा है.




रविवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के अमहिया स्थित आवास में घुस गये थे. नारेबाजी के दौरान अमहिया पुलिस ने सभी को खदेड़ दिया था और थाने लेकर गई थी. जिस तरह से यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया, उसको लेकर चारो तरफ निंदा की गई. वही अमहिया पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत आधा दर्जन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. बगैर किसी सूचना के यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए डिप्टी सीएम के आवास पहुंचे और गेट में चढ़ कर अंदर दाखिल हो गये. जब तक पुलिस को जानकारी हुई तब तक सभी गेट के अंदर पहुंच गये थे. मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर खदेड़ा.

### चेतन तिवारी की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला

सोमवार को फरियादी चेतन तिवारी की शिकायत पर अमहिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी अभिषेक परमार, रोहन जान, रवि सुमित सिंह, अनूप सिंह चंदेल, मंजुल त्रिपाठी सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 190, 191 (2), 296 (बी), 333 एवं 323 (2) के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है.

# तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 सितम्बर, रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी में तालाब में नहाने गए एक 22 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया. ग्रामीणों की मदद से घंटों तक युवक की तलाश की गई, जिसके बाद शव तालाब से बाहर निकाला जा सका.**

जानकारी के अनुसार देवरी निवासी 22 वर्षीय युवक रामेश्वर कोल दोपहर के समय गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था. नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया. तालाब के पास मौजूद कुछ लोगों ने युवक को डूबते देखा तो तत्काल उसके परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी. सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर तालाब में युवक की तलाश शुरू की. काफी प्रयास के बावजूद उसका पता नहीं चल सका. इसके बाद घटना की जानकारी पनवार पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पनवार थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. ग्रामीणों की मदद से तालाब में युवक की तलाश शुरू कराई गई. घंटों की मशक्कत के बाद युवक का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका. युवक का शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. गांव में भी शोक का माहौल है.

# पत्थर की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहरी-हनुमना मार्ग में स्थित कैमूर पहाड़ में हुई घटना,**

**पहाड़ की सड़क धसकने से बड़े वाहनों की आवाजाही पर लगा है प्रतिबंध**



नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 सितम्बर. बहरी-हनुमना मार्ग में स्थित कैमूर पहाड़ से लैंडस्लाइड होने पर पत्थरों की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक में अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम बाइक सवारों के कैमूर पहाड़ से गुजरते वक्त लैंडस्लाइड से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से बाइक सवार सूरज चतुर्वेदी पिता अमरनाथ चतुर्वेदी उम्र 23 वर्ष निवासी उफरौली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि साथी युवक विनीत विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम उफरौली के गंभीर जख्मी होने पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अमिलिया पुलिस के अनुसार 6 सितंबर रविवार की शाम 6 बजे कोदौरा बाजार में दोनो बाइक सवार सब्जी लेने के लिए गए हुए थे। अचानक इनका प्लान पहाड़ घूमने का बन गया और शिव मंदिर के पास से घूमकर दोनो युवक वापस अपने घर आ रहे थे। पल्सर बाइक की लाइट भी बंद थी। शाम करीब 7 बजे इनकी बाइक सड? पर गिरे बड़े पत्थर से टकराई और सूरज उछलकर गिरा और उसका सिर पत्थर से टकराया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई व वहीं बाइक सवार विनीत का बांया पैर टूट गया और सीने में चोंटे आई हैं। स्थानीय लोगों द्वारा घटना के बाद घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य अमिलिया पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताते चलें कि करीब 10 दिन पूर्व से कैमूर पहाड़ से निकलने वाली बहरी-हनुमना मार्ग के धसकने का सिलसिला शुरू हो गया है। फिर भी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। बाद में लैंडस्लाइड के बाद अभी बुधवार की सुबह करीब 11 बजे सड? का बड़ा हिस्सा धसक गया।

### भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित थी

इस वजह से अमिलिया थाना पुलिस द्वारा बड़े वाहनों की आवाजाही को सड? से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। महज 8 फिट चौड़ी सड? का हिस्सा ही बचा हुआ था। उक्त बची सड? से दो पहिया वाहनों की आवाजाही ही हो रही थी। जिस तरह से कैमोर पहाड़ में लैंडस्लाइड का सिलसिला चल रहा है उससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि कभी भी यहां की शेष बची सड? भी धसक सकती है। फिर भी दो पहिया वाहन चालकों को सड? से निकलने की छूट दी गई है।

# भाजपा विचारधारा को लोगों के ऊपर थोपना चाहती है : दिग्विजय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 सितम्बर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रीवा में चल रहे न्याय सत्याग्रह में शामिल होने रविवार की देर रात पहुंचे.**



सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होने संघ प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका में दिये गये बयान को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जो बातें मोहन भागवत ने अमेरिका में कही वे सारी बातें तो वे हमेशा से कहते आ रहे हैं. लेकिन भाजपा के लोग उन्हें मुल्ला और पाकिस्तान भेजने जैसे बयानों से हमला करते हैं, अब आरएसएस प्रमुख के बयान पर गिरिराज जैसे लोग क्यों चुप हैं. श्री सिंह ने अमेरिका यात्रा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कह रहे हैं कि मुसलमानों को बाहर भेजना हिंदुत्व नहीं है, अनेकता में एकता भारत के डीएनए में है. उन्होने कहा कि जनसंघ और आरएसएस दोनों की विचारधारा सनातन विरोधी है और भाजपा इसी विचारधारा को देश पर थोपना चाहती है. मुसलमानों के घर गिराना उन पर फर्जी देशद्रोही होने का आरोप लगाकर भाजपा देश की सामाजिक समरसता, बसुधैव कुटुंबकम की भावना खत्म करना चाहती है.

### प्रदेश में हालात खराब है, इस्तीफा लेकर रहेंगें

प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था एवं मंत्री के इस्तीफे के सवाल पर उन्होने कहा कि प्रदेश में हालात खराब है. आदिवासी कांग्रेस अनिश्चितकालीन धरना दे रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा लेकर ही रहेंगे. इसके लिए चाहे पूरे प्रदेश से आदिवासियों को रीवा लाना पड़ जाए. पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा और शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल मौजूद रहे.

### चंदा चोरी के विरोध में करेंगे पदयात्रा

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे सनातनी हैं और राम मंदिर में चंदा चोरी और चढ़ाव घोटाले को लेकर दशहरा से पदयात्रा निकालेंगे. उज्जैन के महाकाल से यह यात्रा शुरु होगी और अयोध्या में इसका समापन किया जाएगा. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महाकाल और रामराज ओरछा में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है, इसका उनके पास पक्का प्रमाण है. अयोध्या में ट्रस्ट संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि विश्व हिदू परिषद के लोग न रहें. सरकार महाकाल मंदिर जैसा एक्ट बनाए जिसमें पांचों मठों के शंकराचार्य और रिटायर्ड चीफ सेक्रेटरी एवं ऑडीटर जनरल सदस्य शामिल हों.



# बैंक डकैती का फरार सरगना आरोपी बिहार से गिरफ्तार

## 79 हजार नकद बरामद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 सितम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 17 अप्रैल को हुई डकैती के मामले में कोतवाली पुलिस बैढ़न ने फरार चल रहे एक आरोपी को बिहार के नालंदा जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 79 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त दो अपाची मोटरसाइकिल और एक हेलमेट भी जप्त किया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान फंटूस कुमार यादव उर्फ ननकी पिता रामइकबाल यादव उम्र 22 वर्ष निवासी खीरूबिगहा, जिला नालंदा, बिहार के रूप में हुई है। आरोपी को 1 सितंबर को हिलसा बाजार, थाना हिलसा, जिला नालंदा से गिरफ्तार किया गया। पूछतांछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि बैंक डकैती के कथित सरगना पीयूषराज जायसवाल की योजना के अनुसार वह अपने साथी कमलेश, पंकज, राजेश और छोटू के साथ घटना से पहले सिंगरौली पहुंचा था। पांचों ने घटनास्थल की रेकी करने के बाद कथित तौर पर योजना के अनुसार वारदात को अंजाम दिया।

### इनका कहना है

बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई डकैती के मामले में कमलेश और फंटूस मास्टर माइंड हैं। फंटूस को नालंदा-बिहार से गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से दो बाईक एवं 79 हजार रूपये कैश बरामद हुआ है। आरोपी को पकड़ने में बिहार की एसटीएफ का योगदान सराहनीय रहा है। अन्य की तलाश की जा रही है।

**सियाज केएम**
पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली

# खदान लूटकांड : रायफल-केबल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 सितम्बर। खदान क्षेत्र में सुरक्षा गार्ड से मारपीट कर हथियार और कॉपर केबल लूटने वाले गिरोह के खिलाफ मोरवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 3 अगस्त की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

पूछतांछ में आरोपियों ने जयंत और निगाही खदान में कंडक्टर वायर चोरी की घटनाओं में भी शामिल होना स्वीकार किया है। उनकी निशानदेही पर 315 बोर की रायफल, मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस, तीन मोटरसाइकिल, कंडक्टर वायर, लोहे के खंभे और गार्ड का आईडी कार्ड बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक 3 अगस्त की रात करीब 10 बजे खदान में ड्यूटी कर रहे सुरक्षा गार्ड गीतम सिंह को 20-25 बदमाशों ने घेरकर मारपीट की और उसकी रायफल लूटने के बाद करीब 80 मीटर कॉपर केबल काटकर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सियाज केएम के निर्देशन, एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन और एसडीओपी रोशनी कुर्मी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। 6 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर कांटा मोड़ नर्सरी के पास घेराबंदी कर ठाकुर प्रसाद साकेत उर्फ बड़कू उम्र 37 वर्ष निवासी बड़ोखर और नन्दलाल साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी बड़ोखर, हाल मुकाम चटका रेलवे पुलिया को पकड़ा गया।

# हर्रहवा के ग्रामीणों ने किया जल सत्याग्रह

▸ रिलायंस सासन पावर के ऐश डाईक डैम के लीकेज को लेकर किया विरोध

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 सितम्बर। रिलायंस सासन पावर का हर्रहवा में स्थापित ऐश डाईक डैम से आये दिन हो रहे मलवा लीकेज को लेकर आज सोमवार को हर्रहवा के ग्रामीण कोहवरिया नाले में जल सत्याग्रह किया।**

हालांकि मौके पर नायब तहसीलदार राजेन्द्र बंसल एवं सासन पुलिस चौकी प्रभारी बीएल बंसल स्थल पहुंच ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। दरअसल काफी दिनों से ऐश डाईक डैम हर्रहवा से मलवा लीकेज होने और पूर्व में क्षतिग्रस्त होने के बाद हर्रहवा गांव के ग्रामीण दहशत में रहते हैं। इस समस्या का निदान कराने के लिए ग्रामीण लगातार प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं। पिछले दिनों भोपाल से एक पर्यावरणीय एक टीम आई थी, जहां डैम का निरीक्षण किया था। वहीं कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि



राखड़ के मलवे से जो फसले नुकसान हुई हैं, उनका सर्वे कराकर उसकी भरपाई कंपनी करेगी। इसके बावजूद ग्रामीण लामबंद होकर आज हर्रहवा गांव के कोहवरिया नाले में कुछ घंटे तक जल सत्याग्रह किये। इस दौरान नायब तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी के अलावा रिलायंस सासन पावर कंपनी के अधिकारी मानमुन्नौवल करते रहें। अंतत: शाम के वक्त ग्रामीण नाले से बाहर आये। उनकी मांग थी कि सासन पावर कंपनी बांध को दुरूस्थ करे और जितने घरों एवं फसलों को नुकसान पहुंचा, उसका सर्वे कराकर तत्काल राहत राशि मुहैया कराएं। इस दौरान दर्जन भर ग्रामीण जल सत्याग्रह में शामिल हुये।

# महिला की मौत के बाद हंगामा, उपचार में लापरवाही का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 सितम्बर, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में उपचार में लापरवाही का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है. उपचार मे लापरवाही का ताजा मामला आज एक बार फिर संजय गांधी अस्पताल से ही सामने आया. जहा सतना से रेफर महिला मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गयी.**

परिजनों का आरोप है की एक सप्ताह तक चले उपचार के दौरान डॉक्टर ने किसी भी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई. जिससे ना सिर्फ उसकी हालत बिगड़ती गयी बल्कि आज महिला की मौत हो गयी. परिजनों की माने तो वह अपने मरीज को रेफर कराने के लिए डॉक्टर से मिन्नतें करते रहे लेकिन डॉक्टर ने एक ना सुनी. इतना ही नहीं अटेंडर ने अस्पताल के डॉक्टरो पर सुरक्षा कर्मियों से मारपीट करने तक का आरोप लगाया है. फिलहाल परिजनों ने मामले में दोषी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई सहित पीड़ित परिवार को क्लेम दिलाए जाने की मांग की है. दरअसल सतना निवासी अर्चना गुप्ता का 30 तारीख को स्कूटी से एक्सीडेंट हुआ था. हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया. परिजनों के मुताबिक अस्पताल में भर्ती कराए जाने के समय अर्चना की हालत सामान्य थी, लेकिन करीब पांच दिन बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई. परिजनों का आरोप है कि मरीज के इलाज और देखरेख में लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से उनके शरीर में कीड़े पड़ने जैसी गंभीर स्थिति सामने आई. परिजन मरीज को बेहतर इलाज के लिए किसी दूसरे अस्पताल में ले जाना चाहते थे, लेकिन उनका दावा है कि डॉक्टरों ने उन्हें रेफर नहीं किया. मामला उस वक्त और गरमा गया, जब परिजन मरीज की हालत का वीडियो बनाने पहुंचे. आरोप है कि आईसीयू में मौजूद डॉक्टर ने उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया और वहा तैनात गार्ड ने मारपीट तक की. मृतका के देवर आशीष गप्ता ने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.


**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following:

| Sr. No. | Title and Tender ID No | Extension of Bid Due Date | Technical Opening Date |
|---|---|---|---|
| 01 | Providing 315KVA,33KV/0.440KV Transformer and 33KV RMU for city bus depo at Jadhavwadi, Chhatrapati sambhajinagar Tender ID - 2026_ASCDC_1335563_1 | 14/09/2026 | 15/09/2026 |
| 02 | SITC of 250 KVA Diesel Generator and Electrical works at City Bus Depot, Jadhavwadi Tender ID - 2026_ASCDC_1336115_1 | 14/09/2026 | 15/09/2026 |

The tender documents can be downloaded from **https://www.mahatenders.gov.in**
Sd/-
**Chief Executive Officer**
**Aurangabad Smart City Development Corporation Limited**



**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI SINGRAULI DISTT. SINGRAULI (M.P.)**

**No. /NIT/320/2026-27/e-tendering** **Singrauli, Date : 01.09.2026**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) For (A) **1. Construction of CC Road , 2. Construction of Truss Shed (Covered Shed), 3. Construction of RCC Drain. 4. Construction of Paver Block At Fruit & Vegetable Mandi Yard Singrauli, Distt. Singrauli (M.P.) Tender Number :** 2026_MPSAM_532948_1 (PAC amount Rs. 276.78 Lacs) and ( B ) 1. Landscaping work for Office, 2. Construction of Boundary wall for Office Building 3. Repairing & Maintenance of Exsisting Structures (Boundary wall, Covered Auction Platform etc) **At Fruit & Vegetable Mandi Yard Singrauli, Distt. Singrauli (M.P.) Tender Number : 2026_MPSAM_532950_1 (PAC amount Rs. 31.37 Lacs)** The following works Tender to be received online up to 17:30 PM on **28.09.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in.**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/127921/2026 **SECRETARY**


# सीधी शहर में तेंदुए की खाल के साथ तीन गिरफ्तार, थार वाहन में खाल लेकर खड़े थे आरोपी

### इनका कहना है

केंद्रीय जांच एजेंसी डीआरआई भोपाल की टीम द्वारा गोपनीय तरीके से सीधी शहर में तेंदुए की खाल सफेद रंग के थार से बरामद करते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी की गई। डीआरआई द्वारा दूसरे छोटे तेंदुआ की खाल भी होना बताया जा रहा है, जिसको बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

**संदीप गौतम,**
एसडीओ वन मंडल सीधी

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 सितम्बर. जिले में वन्यजीव तस्करी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। दिल्ली वाइल्ड लाइफ की सूचना पर राजस्व आसूचना निदेशालय ( डीआरआई ) भोपाल की 15 सदस्यीय टीम ने तेंदुए की खाल बरामद करते हुए तीन आरोपियों अभिषेक सिंह, अनमोल सिंह एवं लल्लन बैगा को गिरफ्तार किया है।**

आरोपियों के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे थार वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई के बाद आरोपियों का



जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के बाद रविवार को जिला न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। तेंदुए की खाल की बरामदगी और पांच राज्यों तक नेटवर्क के फैलाव की जानकारी सामने आने के बाद सीधी में वन्यजीव तस्करी के मामले ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जांच में यह देखना अहम होगा कि इस नेटवर्क की जड़ें कहां तक फैली हैं और इसके पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं। कार्रवाई टीम के अनुसार शनिवार को सम्राट चौक के आगे एक थार वाहन में तेंदुए की खाल लेकर कुछ लोग खड़े थे। इसी दौरान टीम ने कार्रवाई करते हुए अनमोल सिंह एवं अभिषेक सिंह को पकड़ा। पूछताछ और जांच के दौरान लल्लन बैगा की गिरफ्तारी भी की गई। आरोपियों के कब्जे से तेंदुआ की खाल बरामद होने की बात टीम द्वारा बताई गई है। टीम के अनुसार पूछताछ में वन्यजीव तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं।

▸ **सेंट्रल वाइल्ड लाइफ टीम की सूचना पर डीआरआई भोपाल की कार्रवाई**

### मऊगंज जिला में किया गया शिकार

वन मण्डल अधिकारी, सामान्य वन मण्डल सीधी ने बताया कि 5 सितंबर 2026 को राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई), भोपाल इकाई द्वारा सीधी शहर में कार्रवाई करते हुए थार वाहन से दो व्यक्तियों को एक नग तेन्दुए की खाल के साथ पकड़ा गया। वन्यजीव से संबंधित मामला होने के कारण दोनों आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग, सामान्य वन मण्डल सीधी के परिक्षेत्र सीधी को सुपुर्द किया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99